**न्यायालयः न्यायिक मजिस्ट्रेट, मोहम्मदी–खीरी।**

CNR NO.–UPLP 1200 1770 2026

संजीव कुमार भारती
बनाम
गरिमा भारती शिक्षामित्र

प्रकीर्ण वाद सं०–135/2026
अ०सं०–383/2025
थाना–पसगवां, जिला–खीरी।

**दिनांकः 20.07.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी मुकदमा हाजिर। वादी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांकित 20.07.2026 प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि प्रार्थी का वाद श्रीमानजी के न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थी अपना वाद लड़ना नहीं चाहता है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि अंतिम रिपोर्ट स्वीकार करने की कृपा की जावे।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त मामले में विवेचक द्वारा विवेचना के उपरान्त अंतिम आख्या प्रस्तुत की गयी है, जिस पर वादी मुकदमा को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस वजातखास तामील होकर पत्रावली में दाखिल है। वादी न्यायालय हाजिर है तथा उसके द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांकित 20.07.2026 प्रस्तुत कर अंतिम रिपोर्ट स्वीकार किये जाने की प्रार्थना की गयी है। ऐसी दशा में अंतिम रिपोर्ट स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

विवेचक द्वारा प्रस्तुत अन्तिम रिपोर्ट सं०–54/2025 स्वीकार की जाती है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(रजत प्रकाश सोन)
न्यायिक मजिस्ट्रेट
मोहम्मदी–खीरी।